प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- केंद्र सरकार ने कहा–देशभर में पेट्रोल, डीजल और एल.पी.जी. की उपलब्धता सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास जारी।
- कांगड़ा जिले में नया दुग्ध संयंत्र स्थापित करेगी सरकार–चार जिलों के पशुपालकों को होगा लाभ।
- भाजपा का आरोप–कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेष के कारण बंद की पूर्व सरकार की कल्याणकारी योजनाएं।
- कांगड़ा में 1905 को आए विनाशकारी भूकंप की वर्षगांठ पर आज प्रदेशभर में हुए आपदा जागरूकता कार्यक्रम।
- प्रदेश में आज भी रूक–रूक कर जारी रहा हिमपात व वर्षा का दौर–6 अप्रैल तक मौसम खराब रहने के आसार।

एलपीजी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार देश में पेट्रोल, डीजल और एल.पी.जी. की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल व डीजल खरीदने और रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और एल.पी.जी. की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने लोगों को पी.एन.जी, बिजली से चलने वाले इंडक्शन और कुक टॉप जैसे वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया है।

दुग्ध उत्पादन

राज्य सरकार ने डेयरी क्षेत्र में सहकार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। इस साझेदारी के तहत कांगड़ा जिले में एक नया दुग्ध संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे कांगड़ा सहित ऊना, हमीरपुर और चंबा जिलों के दुग्ध उत्पादक भी लाभान्वित होंगे। सरकार के इस कदम से दूध संग्रहण और प्रसंस्करण सहित विपणन प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। डेयरी क्षेत्र की नई तकनीकों और नवाचारों की जानकारी देने के लिए प्रदेश में पिछले 3 वर्षों में 2 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया गया है।

जगत सिंह नेगी

प्रदेश के बागवानों को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत दी जाने वाली राशि का भुगतान अब एच.पी. एम.सी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा। ये जानकारी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में दी। उन्होने कहा कि सबसे पहले छोटे सीमांत किसानों व बागवानों का भुगतान किया जाएगा। ....बाईट–जगत सिंह नेगी

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने 40 महीनों के कार्यकाल में जनता को केवल परेशान करने का काम किया है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को राजनीतिक द्वेष के कारण बंद किया है। बिंदल ने कहा कि हास्यास्पद, गैरकानूनी और जन विरोधी निर्णय लेना कांग्रेस सरकार की पहचान बन गई है।

इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा विधानसभा में उठाए गए सभी मुद्दों को जनता तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 और 7 अप्रैल को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद व्यापक आंदोलन और जन संपर्क अभियान की रणनीति तैयार की जाएगी। ...बाईट...जयराम ठाकुर..

स्थापना दिवस

शिमला स्थित लोकभवन में आज राजस्थान, ओड़िशा और बिहार राज्य का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' पहल के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता व भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। अपने संबोधन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द और भाई–चारे की भावना को बल मिलता है, जिससे राष्ट्र की सामाजिक संरचना और सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोकभवन शिमला को सप्ताह में दो दिन आम जनता के लिए खोलने की घोषणा भी की।

मॉक ड्रिल

कांगड़ा घाटी में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूंकप की आज एक सौ 21वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में आपदा जागरूकता दिवस मनाया गया। इसके माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन और भूकंप से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कई स्थानों पर स्कूली बच्चों ने रैलियां निकाल कर भी लोगों को आपदा से बचाव को लेकर जागरूक किया। इस दौरान मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। इस बीच आपदा प्रबंधन निदेशक पुष्पेंद्र राणा ने आज धर्मशाला में एक बैठक में बताया कि आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला स्थित लोकभवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के तहत चलाई जा रही विकासात्मक पहलों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता पर ध्यान देने और उन्हें तय समय में पूरा करने पर बल दिया और कहा कि इससे आम जनता को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि संगठन या किसी विभाग में कोई भी पद ज़मीनी स्तर पर काम करने वालों को ही दिए जाएंगे। शिमला में आज कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की राज्य कार्यकारणी की बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में अनुसूचित जाति के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। विनय कुमार ने उपस्थित लोगों से आरक्षित सीटों पर कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

सिकंदर कुमार

भाजपा सांसद व पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस सरकार पर पंचायत चुनावों को असंवैधानिक तरीके से लटकाने के आरोप लगाए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि नये चुनावों की अधिसूचना जारी करने की बजाय प्रदेश सरकार ''प्रशासक राज'' के जरिए पिछले दरवाजे से पंचायतों को नियंत्रित करना चाहती है। सिकंदर कुमार ने ये भी आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण रोस्टर में अपनी सुविधा के अनुसार बदलाव कर रही है ताकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों और सक्षम नेतृत्व को चुनावी प्रक्रिया से बहार किया जा सके।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान ऊँचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर वर्षा हुई है। कुल्लू, लाहौल स्पिति, किन्नौर और चंबा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया है। चंबा जिले में चंबा–पांगी वाया साच–पास मार्ग सहित चंबा–सलूनी मुख्य मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। जिले में 50 विद्युत ट्रांसफार्मर भी बंद पड़े हैं। जिला प्रशासन ने खराब मौसम व आगामी दिनों में मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतिहात बरतने की अपील की है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए फिल्ड स्टाफ पूरी तरह तैयार है।

इधर राजधानी शिमला सहित अन्य जिलों में भी वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। कई स्थानों पर ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम विभाग ने 6 अप्रैल तक कुछ स्थानों पर व्यापक वर्षा की संभावना जताई है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र को हर दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा मंत्री आज जुब्बल उपमंडल की रावीं पंचायत में दो संपर्क सड़कों के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों को आने वाले समय में विकासात्मक कार्यों को गति देने का आश्वासन दिया।

परमार

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार ने टांडा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले इस अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग का केवल एक डॉक्टर के सहारे चलना बेहतद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की भारी कमी के कारण गंभीर हृदय रोगियों को समय पर उचित उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

समाचार एक बार फिर''

- केंद्र सरकार ने कहा–देशभर में पेट्रोल, डीजल और एल.पी.जी. की उपलब्धता सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास जारी।
- कांगड़ा जिले में नया दुग्ध संयंत्र स्थापित करेगी सरकार–चार जिलों के पशुपालकों को होगा लाभ।
- भाजपा का आरोप–कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेष के कारण बंद की पूर्व सरकार की कल्याणकारी योजनाएं।
- कांगड़ा में 1905 को आए विनाशकारी भूकंप की वर्षगांठ पर आज प्रदेशभर में हुए आपदा जागरूकता कार्यक्रम।
- प्रदेश में आज भी रूक–रूक कर जारी रहा हिमपात व वर्षा का दौर–6 अप्रैल तक मौसम खराब रहने के आसार।